

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

स्वतंत्रता दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ

जयपुर, बुधवार
21/08/2024
jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

भाद्रपद, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वितीया, संवत 2081 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-10, अंक-25, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


# आज भारत बंद!

## भारत बंद का असर, राजस्थान के कई जिलों के स्कूल-कॉलेजों में अवकाश के आदेश, भरत में इंटरनेट भी बंद

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बुधवार (21 अगस्त) को भारत बंद के अह्वान का असर राजस्थान में भी देखने को मिल रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों ने भारत बंद के अह्वान को लेकर स्कूल-कॉलेजों में एक दिन की अवकाश के आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें दौसा, डीग, जयपुर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, सवाई माधोपुर और बाड़मेर जिले शामिल हैं। देर शाम तक अन्य जिलों में भी अवकाश के आदेश जारी होने की संभावनाएं हैं। दौसा जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने जारी किए आदेश में कहा कि कानून व्यवस्था की ?स्थति को सुदृढ करने के लिए ऐहतियातन यह कदम उठाया गया है। इस दौरान कोचिंग, लाइब्रेरी, हॉस्टल, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं कॉलेजों में छात्र-छात्राओं का अवकाश रहेगा। इसी प्रकार भरतपुर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने आदेश जारी कर लिखा, "विभिन्न संगठनों द्वारा 21 अगस्त 2024 को प्रस्तावित भारत बन्द के समर्थन में भरतपुर में जगह-जगह धरना-प्रदर्शन, लोक शांति को भंग करने एवं कानून व्यवस्था प्रभावित किया जाने की संभावना को देखते हुए सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों/महाविद्यालयों में शैक्षणिक कार्य बन्द रहेगा एवं सुबह 9 से शाम 6 बजे तक इंटरनेट सेवाएं भी बंद रहेंगी।।" दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय (SC) द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों के आरक्षण को लेकर दिए गए निर्णय के विरोध में सोशल मीडिया पर 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने एससी/एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी कोटे के अंदर कोटा के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद की घोषणा की है, सुबह 6 बजे लेकर रात 8 बजे तक भारत बंद का अह्वान किया गया है। इस दौरान दुकानें, बाजार व शैक्षणिक संस्थानें बंद रहने की प्रबल संभावना है।

### इन्होंने किया समर्थन

**राजस्थान** में एससी/एसटी समूहों ने बंद का समर्थन किया है। वहीं भारत आदिवासी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने भी भारत बंद का समर्थन किया है।








HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायुपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
JAGRUK DESH
जागरूक देश
02 जयपुर, बुधवार
21 अगस्त - 27 अगस्त 2024
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

## अमरनाथ यात्रा छड़ी मुबारक की रस्म के साथ संपन्न, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान हुए

# 52 दिनों में 5 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

52 दिन से चल रही अमरनाथ यात्रा का सोमवार को समापन हो गया। इस साल देश के विभिन्न भागों से आए करीब पांच लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। आखिरी दिन करीब 150 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 2023 में 4.5 लाख यात्रा में शामिल हुए थे।

यात्रा के आखिरी दिन बाबा अमरनाथ की पवित्र छड़ी मुबारक महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में पंजतरणी से अमरनाथ गुफा में पहुंची। छड़ी मुबारक की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक पूजा-अनुष्ठान हुई। इसी के साथ अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। बता दें कि बाबा अमरनाथ की यात्रा इस साल 29 जून से शुरू हुई थी। इसके लिए जम्मू से लेकर बालटाल और नून (पहलगाम) बेस कैंप तक कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। आर्टिकल 370 हटने के 5 साल पूरे होने के दिन 5 अगस्त को अमरनाथ यात्रा एक दिन के लिए रोकी भी गई थी।



### पिछले साल से ज्यादा श्रद्धालु

अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में होती गिरावट में लगातार दूसरे साल बढ़ोतरी देखने को मिली। 2023 में 4.5 लाख और इस साल 5 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 2012 में रिकॉर्ड 6.35 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे। 2022 में कोविड के कारण आंकड़ा घटा था और 3 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे।

### 6 लाख यात्रियों की तैयारी थी

इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना थी। भीड़ ज्यादा होने की संभावना के बीच इंतजाम भी ज्यादा किए गए थे। पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था की गई थी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल बने थे।

### क्या है छड़ी मुबारक?

छड़ी मुबारक को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। इस चांदी की छड़ी को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इस छड़ी में भगवान शिव की अलौकिक शक्तियां निहित हैं। कहा जाता हैं कि महर्षि कश्यप ने यह छड़ी भगवान शिव को इस आदेश के साथ सौंपी थी कि इसे प्रति वर्ष अमरनाथ लाया जाए।

## डॉक्टर रेप कांड पर SC की तल्ख टिप्पणी

# घटना डरावनी, इसमें जानवरों जैसी प्रवृत्ति, हड़ताल खत्म!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले की सुनवाई शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर देशभर में डॉक्टरों की हड़ताल चल रही है। सरकारी अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या के मामले ने देशभर में विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया है। तीन सदस्यीय न्यायाधीश मामले की सुनवाई कर रहे हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, यह अब सिर्फ़ अस्पताल में बलात्कार के एक ख़ास मामले से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा प्रणालीगत मुद्दे से जुड़ा है। सीजेआई ने कहा, "सबसे पहले, हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि पीड़िता का नाम मीडिया में छा गया है, तस्वीरें और वीडियो मीडिया में छाए हुए हैं, यह बेहद चिंताजनक है।"

### राष्ट्रीय टास्क फोर्स का होगा गठन

**सीजेआई** ने कहा, हम एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन कर रहे हैं, हम चाहते हैं कि वे वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टरों के लिए सुरक्षा उपायों के लिए देश भर में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों की सिफारिशें दें। एम्स आदि में नियुक्तियां 2 साल पहले ली जाती हैं, हम डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं, इसलिए हम डॉक्टरों से ईमानदारी से अनुरोध करते हैं कि वे हम पर भरोसा करें' यह किसी विशेष मामले का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ है जो पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा संस्थान को प्रभावित करता है।" कोर्ट के आदेश के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले ली और अब काम पर लौट आएंगे। डॉक्टरों का कहना है कि हम हड़ताल को 45 दिन के लिए होल्ड कर रहे हैं, अभी वापस ले रहे हैं। देखते हैं क्या कार्रवाई हो रही है।



### प्रिंसिपल को तुरंत दूसरे कॉलेज ने कैसे किया नियुक्त

सीजेआई ने आगे कहा, "जब प्रिंसिपल के आचरण की जांच हो रही है, तो प्रिंसिपल को तुरंत दूसरे कॉलेज का प्रिंसिपल कैसे नियुक्त किया गया। सीबीआई को इस गुरुवार को एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने की ज़रूरत है और हमें स्टेटस से अवगत कराने की ज़रूरत है और चूंकि यह संवेदनशील चरण है, इसलिए इसे सिर्फ़ हमें ही दिया जाए। आज हम एक आदेश पारित करेंगे।

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ऑनलाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
jagrukjanta.net

# प्रधानमंत्री मोदी 25 को जोधपुर में, तैयारी शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 अगस्त को जोधपुर आगमन को लेकर मारवाड़ के लोग उत्साहित हैं। उनका स्वागत करने के लिए आतुर हैं। मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। अब हाईकोर्ट अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है। अमृतकाल की इस बेला पर प्रधानमंत्री के सानिध्य में गत वर्ष हुए कार्यक्रमों का समापन होगा।

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना

**जोधपुर** में अबोध बालिका से दुष्कर्म की घटना पर शेखावत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जोधपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। निर्देश दिया है कि आरोपी को सख्त सजा मिले और तुरंत सजा का प्रावधान हो।

### शांति बनाए रखने की अपील

**शेखावत** ने उदयपुर की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो, ऐसा सुनिश्चित किया जाए, ऐसा प्रशासन से आग्रह करता हूं।

## अजमेर सेक्स स्कैंडल : 30 लाख का जुर्माना भी

# 6 आरोपियों को 32 साल बाद उम्रकैद



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर/नई दिल्ली।** राजस्थान के 1992 के बहुचर्चित अजमेर सेक्स और ब्लैकमेल कांड में मंगलवार को बड़ा फैसला आया है। 6 दोषियों को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही सभी 6 दोषियों पर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले अजमेर के पॉक्सो कोर्ट ने सुबह ही 6 आरोपियों को दोषी ठहराया था। 32 साल बाद इस मामले में फैसले के समय सभी दोषी कोर्ट में मौजूद थे।

### 18 आरोपी थे, 9 को पहले ही मिली सजा

इस मामले में कुल 18 लोग आरोपी थे। इनमें से 9 को पहले ही सज़ा हो चुकी है, जबकि एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी। एक अन्य आरोपी पर एक बिजनेसमैन के बेटे से कुकर्म के आरोप में अलग से केस चल रहा है। एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसे कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। इस मामले में 6 आरोपियों की ट्रायल इसी साल जुलाई में पूरी हुई थी और 8 अगस्त को फैसला आना था। लेकिन अब जाकर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। फैसले के बाद सभी की निगाहें अब सज़ा की अवधि पर टिकी थी।

### 32 साल पहले कॉलेज की 100 से ज्यादा छात्राओं से रेप

**मामला** 32 साल पुराना है, जब अजमेर के मशहूर मेयो कॉलेज की 100 से ज़्यादा छात्राओं को आरोपियों ने फोटो खींचकर ब्लैकमेल किया था। आरोपियों में नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद जमीन हुसैन शामिल हैं। POCSO कोर्ट ने इन सभी को दोषी पाया है। दोषी पाए जाने के बाद पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया था।

### सेक्स रैकेट का पर्दाफाश

तत्कालीन स्थानीय एक अखबार की खबर में स्कूली छात्राओं को उनकी अश्लील तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करते हुए उनका यौन शोषण किए जाने का पर्दाफाश किया गया था। ''बड़े लोगों की पुत्रियां ब्लैकमेल का शिकार'' शीर्षक से प्रकाशित खबर ने पाठकों के हाथों में अखबार पहुंचने के साथ ही भूचाल ला दिया. क्या नेता, क्या पुलिस, क्या प्रशासन, क्या सरकार, क्या सामाजिक धार्मिक नगर सेवा संगठन से जुड़े लोग सब के सब सहम गए. यह कैसे हो गया? कौन हैं? किसके साथ हुआ? इसके बाद खुलासा हुआ कि एक गिरोह अजमेर के गर्ल्स स्कूल सोफिया में पढ़ने वाली लड़कियों को फार्म हाउसों पर बुला-बुला कर रेप करता रहा और उन लड़कियों के घरवालों को भनक तक नहीं लगी।

## वापस जॉइन कराने के दिए निर्देश

# संविदाकर्मी भी मैटरनिटी लीव की जायज हकदार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

संविदा पर काम कर रही महिला डॉक्टर को मैटरनिटी लीव के लिए राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) का दरवाजा खटखटाना पड़ा। इस मामले की सुनवाई करते हुए अधिकरण ने महिला डॉक्टर को मैटरनिटी लीव देने के आदेश दिए। न्यायिक सदस्य अनंत भंडारी और सदस्य शुचि शर्मा ने डॉ. अक्षिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव, निदेशक और सीएमएचओ सीकर को लीव स्वीकृत कर फिर ऑफिस जॉइन करवाने के निर्देश दिए।



दरअसल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने याचिकाकर्ता की मैटरनिटी लीव को स्वीकृत नहीं किया था। वहीं, उसे फिर से ऑफिस जॉइन नहीं करवाया था। डॉ. अक्षिता ने इसी साल 18 फरवरी को एक बच्चे को जन्म दिया था। उसने मैटरनिटी लीव देने के लिए बीसीएमओ पिपराली और सीएमएचओ सीकर को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन दोनों ही जिम्मेदार अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र का कोई जवाब नहीं दिया।

### लीव नहीं हुई थी स्वीकार

सुनवाई ने दौरान कहा गया कि याचिकाकर्ता के मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने न तो मैटरनिटी लीव स्वीकृत की, न ही फिर से कार्यग्रहण करवाया। जबकि याचिकाकर्ता नियमानुसार मैटरनिटी लीव की हकदार है। लिहाजा उसको 180 दिन की मैटरनिटी लीव स्वीकृत कर कार्यग्रहण करवाया जाए। रेट ने कहा कि राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के निर्णयों में संविदा महिला कार्मिकों को मैटरनिटी लीव का हकदार माना है।

## जागरूक खबरें

### ■ दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी मुर्मु

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को हरियाणा के फ़रीदाबाद में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय ने मंगलवार को यहां बताया कि राष्ट्रपति बुधवार को हरियाणा के फ़रीदाबाद के दौरे पर जाएंगी।

### ■ अजमेर मंडल में 14 स्टेशनों पर नियुक्त होंगे 31 सुविधाकर्ता

**» जागरूक जनता @ अजमेर।** राजस्थान में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल के 14 स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के लिये 31 सुविधाकर्ता नियुक्त किये जायेंगे। अजमेर मंडल मुख्यालय पर वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने मंगलवार को बताया कि अजमेर रेल मंडल के 14 स्टेशनों पर स्थापित ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) पर 31 सुविधाकर्ताओं की नियुक्ति के लिये सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों एवं आमजन से अजमेर मंडल में अनारक्षित टिकट जारी करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

### ■ तीस्ता सीतलवाड़ को मलेशिया यात्रा की अनुमति

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानवाधिकार कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को 'गैर-भेदभाव' विषय पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए 31 अगस्त से 10 सितंबर तक मलेशिया के सेलंगोर की यात्रा करने की अनुमति दे दी।

# भारत, मलेशिया उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने अपनी विस्तारित रणनीतिक साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप देने और सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मंगलवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज



यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने कामगारों के रोजगार, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, युवा एवं खेल, संचार, डिजिटल तकनीक, वित्तीय क्षेत्र सहित आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये तथा भारत मलेशिया सीईओ रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्योहार





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने सोमवार को अपने-अपने आवास पर रक्षाबंधन का त्योहार स्कूली बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने मोदी की कलाई पर राखी बांधी। प्रधानमंत्री ने सभी के साथ ग्रुप फोटो शूट कराया। एक छात्रा ने पीएम से पूछा कि आपने हमें विकसित भारत का सपना दिखाया। हमें इसके लिए क्या करना चाहिए। इस पर मोदी ने कहा कि उन्हें स्वस्थ रहना चाहिए, स्वच्छता रखनी चाहिए। स्वच्छता से समाज स्वस्थ होता है। देश के लिए हम क्या कर सकते हैं, हम कर सकते हैं तो भलाई का काम करें।

## आम की अंतिम किस्म चौसा बाजार में

# जोधपुर के लोग हर दिन खा जाते हैं 1.80 लाख किलो आम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर** फलों के राजा आम की अब अंतिम किस्म चौसा बाजार में बिक रही है। अगले एक पखवाड़े के बाद आम मिलना बंद हो जाएगा। छह महीने तक आम बाजार में उपलब्ध रहता है। इस साल सीजन में जोधपुर के लोगों ने प्रतिदिन 1.50 लाख से लेकर 1.80 लाख किलो आम की खपत की है। हालांकि मांग इससे भी अधिक रही है। सीजन में जोधपुर में आम के 20 ट्रक आ रहे थे जो अब अब घटकर 2-3 रह गए हैं।



### उत्तरप्रदेश से आता है सर्वाधिक आम

**देश** में आम की लगभग 1500 किस्में उगाई जाती है। जोधपुर में करीब 10 किस्म के आम उपलब्ध हो पाते हैं। आम की शुरुआत बादाम किस्म से होती है। यहां सर्वाधिक बादाम, हापूस, केसर, दशहरी, अल्फांसो, लंगड़ा, तोतापुरी, चौसा बाजार में मिलते हैं। जोधपुर में सबसे अधिक आम की आपूर्ति उत्तरप्रदेश से होती है। बादाम आम सर्वाधिक बिकता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

**हमारा** देश दुनिया का सबसे बड़ा आम का उत्पादक देश है। देश में लगभग 1.09 करोड़ टन आम का उत्पादन होता है। दुनिया भर के कुल आम उत्पादन में लगभग 57.18% का योगदान भारत का है। भारत आम का सबसे बड़ा निर्यातक है। करीब 25 मिलियन मेट्रिक टन आम का निर्यात होता है। दूसरे नम्बर पर निर्यातक चीन, फिर इण्डोनेशिया और चौथे नम्बर पर पाकिस्तान है। आम दक्षिणी और दक्षिणी-पूर्वी एशिया की फसल है। भारत का अल्फांसो और केसर अपनी खुशबू के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है।

**आम** का सीजन मार्च से लेकर शुरू होकर अगस्त तक चलता है। सीजन में जोधपुर में हर रोज 15 से 20 ट्रक की खपत हो जाती है। यहां आम के जितने ट्रक आते हैं, कम पड़ते हैं। शहर में आम की बढ़ी हुई मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पाती है। शहर में लगभग हर वैरायटी के आम की मांग है। उत्तर प्रदेश से यहां सर्वाधिक आम आते हैं। आम को लेकर हम पूरी तरह अन्य राज्यों पर निर्भर हैं।

**लक्ष्मण प्रजापत,** थोक फल व्यापारी

# दीया कुमारी ने सीएम भजनलाल की कलाई पर बांधी राखी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां रक्षाबंधन का पर्व मनाया और इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सहित कई महिलाओं एवं छात्राओं ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। शर्मा को दिया कुमारी एवं अन्य महिलाओं तथा छात्राओं ने मुख्यमंत्री आवास में राखी बांधी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि कहा है कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाता है और यह हमें एक-दूसरे के प्रति अपने प्रेम, समर्पण और सुरक्षा के संकल्प की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे परिवार और समाज की नींव हैं। बहन जब भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती है, तब हर कठिनाई से लड़ने की प्रेरणा मिलती है।



पहली बार भारतीय प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 से अधिक वर्षों में यूक्रेन का दौरा करेगा

# भारत रुकवाएगा रूस-यूक्रेन जंग! पीएम मोदी के कीव दौरे पर दुनियाभर के नेताओं की नजर, दौरा 23 को

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन में शांति मिशन पर होंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि पीएम मोदी इस सप्ताह के अंत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। पिछले महीने ही भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ फोन पर हुई बातचीत में जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने फिर से दोहराया था कि मोदी यूक्रेन में शांति स्थापित करने में 'अहम भूमिका' निभा सकते हैं।रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के




करीब ढाई साल बाद यह पीएम मोदी की पहली यूक्रेन यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि यह पहली बार होगा जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 से अधिक वर्षों में यूक्रेन का दौरा करेगा। इस यात्रा को शांति मिशन इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि मोदी दुनिया के एक मात्र ऐसे नेता हैं, जिनको रूस और यूक्रेन दोनों समान रूप शांति दूत के रूप में देखने-सुनने को उत्सुक हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी पिछले महीने ही रूस की यात्रा से लौटे हैं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी यही संदेश दिया था कि बंदूकों की आवाजों की शांति की बात नहीं हो सकती।

### मोदी के कीव दौरे का टाइमिंग है अहम

*पीएम मोदी के यूक्रेन दौरा संभावनाओं और आशंकाओं के भीषण दौर के बीच हो रहा है। संभावना शांति की है तो आशंका रूस और यूक्रेन के परमाणु संयंत्रों के युद्ध की चपेट में आ जाने की है।*

- » रूस- यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार पिछले दिनों जेलेंस्की ने संकेत दिया था कि वे रूस के साथ बातचीत को तैयार हैं। इसके पहले जेलेंस्की रूस से बातचीत की पूर्व शर्त रूसी सैनिकों की यूक्रेन से वापसी रखते आए हैं।
- » पिछले दिनों यूक्रेन ने भी रूस के कुर्स्क के 90 फीसदी इलाके पर कब्जा करने का दावा किया है। यूक्रेन ने यहां के तीन ब्रिज को भी नेस्तनाबूद कर दिया है, जिससे यह इलाका रूस से कट गया है। माना जा रहा है कि जेलेंस्की ने रूस के इस इलाके पर कब्जा इस रणनीति के तहत भी किया है कि शांति वार्ता के दौरान इलाकों के लेन-देन की चर्चा होने पर यूक्रेन भी बातचीत के टेबल पर मजबूत दिख सके और उसकी बात गौर से सुनी जाए।
- » पिछले दिनों ऐसे संकेत मिले हैं कि यूक्रेन को यूरोप के प्रमुख सहयोगी देशों जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस से मिलने वाली मदद में कमी आई है। दूसरी तरफ अमरीका चुनाव में उलझा हुआ है। ऐसे में जेलेंस्की बातचीत की टेबल पर आने के लिए तैयार हो सकते हैं।




सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दायर किया हलफनामा

## तीन तलाक दिया तो पति को हो जेल-केंद्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट हलफनामा दायर कर कहा है कि तीन तलाक वैवाहिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। यह मुस्लिम महिलाओं की हालत दयनीय बना देता है। केंद्र सरकार ने तर्क दिया कि मुस्लिम समुदाय में जारी तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का 2017 का आदेश भी तलाक के केसों को कम नहीं कर पा रहा है। ऐसे में इसे क्रिमिनलाइज किया जाना जरूरी है। केंद्र सरकार ने कहा, तीन तलाक की पीड़िताओं के पास पुलिस के पास जाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं रह जाता है। वहीं पुलिस भी इस मामले में मजबूर हो जाती थी क्योंकि कानून में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान ना होने की वजह से आरोपी पति पर ऐक्शन लेना मुश्किल हो जाता था।

### क्या है मामला

दरअसल सुप्रीम कोर्ट में केरल जमाइतुल उलेमा की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि जब कोर्ट ने तीन तलाक को आवैध करार दे दिया है तो इसे क्रिमिनलाइज करने का कोई मतलब नहीं है। याचिकाकर्ता ने मुस्लिम महिला (विवाह के बाद अधिकारों की रक्षा) कानून 2019 को असंवैधानिक बताते हुए कहा था कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।




## कांग्रेस का 24 को प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनावों में 'संविधान बचाओ' का नारा दिया और अपने मकसद में कुछ हद तक कामयाब भी रही। पार्टी अब इस सफलता से सीख लेकर संविधान बचाओ के आह्वान को आगे बढ़ाना चाहती है। इसके लिए पार्टी 24 अगस्त को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है। इस सम्मेलन में सभी देशवासियों से अपील की गई है कि वो 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में शामिल हों। कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ' नारे का साथ देने वालों को 'न्याय योद्धा' का नाम दिया है।

कांग्रेस पार्टी के सम्मेलन की शुरुआत प्रयागराज के इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर में 24 अगस्त को दोपहर एक बजे से शुरू होगा। पार्टी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है, 'हमारा संविधान, हमारे अधिकारों का आधार है, हमारी पहचान है। देश के सभी न्याय योद्धाओं को आवाहन है। 24 अगस्त को 1 बजे इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर आएं।'












## सम्पादकीय

# जीएम सरसों : वादे में भी विवाद

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जीएम सरसों की भारत में व्यावसायिक खेती करने की सरकारी मंजूरी के खिलाफ याचिका पर खंडित फैसला दिया। जहां न्यायमूर्ति बीवी नागर%ा का आकलन था कि जीईएसी की अक्तूबर, 2022 को सम्पन्न जिस बैठक में इसकी मंजूरी दी गई, वह दोषपूर्ण थी। क्योंकि, उसमें स्वास्थ्य विभाग का कोई सदस्य नहीं था। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति संजय करोल का मानना था कि जीईएसी के फैसले में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने जीएम सरसों फसल को सख्त सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए पर्यावरण में छोड़ने की बात जरूर की। हालांकि, दोनों न्यायाधीश इस बात पर एकमत थे कि केंद्र सरकार को जीएम फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करनी चाहिए। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष जाएगा। पीठ ने निर्देश दिया कि चार माह के भीतर केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय जीएम फसल के सभी पक्षों के परामर्श से जीएम फसलों पर राष्ट्रीय नीति तैयार करे । जिनमें कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, राज्य सरकारों और किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारक शामिल हों। किसी से छुपा नहीं कि भारत में खाद्य तेल की जबरदस्त मांग है। साल 2021-22 में 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद भारत को 141.93 लाख टन का आयात करना पड़ा। अनुमान है, अगले साल 2025 -26 में यह मांग 34 मिलियन टन तक पहुंच जाएगी। हमारे खाद्य तेल के बाजार में सरसों तेल की भागीदारी 40 फीसदी है। दावा किया गया कि यदि सरसों उत्पादन में जीएम बीज का इस्तेमाल करेंगे तो फसल 27 प्रतिशत अधिक होगी, जिससे तेल आयात खर्च कम होगा। हालांकि , यह सोचने की बात है कि 1995 तक देश में खाद्य तेल की कमी नहीं थी। फिर बडी कंपनियां इस बाजार में आई। आयात कर कम किया गया और तेल का स्थानीय बाजार बैठ गया। दावा यह भी है कि इस तरह के बीज से पारंपरिक किस्मों की तुलना में कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है और मुनाफा अधिक। लेकिन, जीएम फसलों, खासकर कपास को लेकर हमारे अनुभव बताते हैं कि ऐसे बीजों के दूरगामी परिणाम खेती और पर्यावरण के लिए भयावह हैं। समझना होगा कि जीएम फसलों को उत्पाद के मूल जीन को कृत्रिम रूप से संशोधित किया जाता है। आमतौर पर किसी अन्य जीव से आनुवंशिक सामग्री डाली जाती है ,जिससे उन्हें नए गुण दिए जा सकें जैसे अधिक उपज और पोषक तत्व, कम खरपतवार, कम रोग, कम पानी हो सकते हैं। भारत में धारा सरसों हाइब्रिड-11 (डीएमएच-11) को देशी सरसों किस्म वरुणा और यूरोपीय किस्म अर्ली हीरा-2 के संकरण से विकसित किया गया है। इसमें दो विदेशी जीन बार्नेज और बार्स्टार शामिल हैं, जिन्हें बैसिलस एमाइलोलिके फैसिएन्स नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है। दावा है कि इस बीज से उपज को 3-3.5 टन प्रति हैक्टयर तक बढाया जा सकता है। जबकि, देश में कई जगह हुए जीएम सरसों के ट्रायल की हकीकत दावे से कोसे दूर नजर आई है। उल्लेखनीय है कि देश में अभी तक कानूनी रूप से केवल बीटी कपास एकमात्र जीएम स्वीकृत फसल है। बीते 17 सालों में कपास के बीज दावों पर खरे उतरे नहीं। बीटी बीज देशी बीज की तुलना में बहुत महंगा है और इसमें कीटनाशक का इस्तेमाल करना ही पडा। फसल ज्यादा नहीं, लेकिन, हर साल बीज खरीदना मजबूरी हो गई। विकसित देशों में भी ऐसे बीजों से उर्वर क्षमता और पोषक तत्व कम हुए हैं। पर्यावरणविदो का मानना है कि जीएम बीजों से उत्पन्न सरसों के फूल मधुमक्खियों के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं।


**कोई हैरानी नहीं कि पारिवारिक उपभोग व्यय सूचकांक 2022-23 हमें बताता है कि ग्रामीण क्षेत्र में एक परिवार का मासिक औसतन व्यय महज 3,268 रुपये है। अगर खेती से आय व्यावहारिक नहीं होगी तो जाहिर है ग्रामीण इलाकों में लोग खरीद करने में कम पैसे खर्चेंगे।**

# अन्नदाता का हिस्सा भी हो सुनिश्चित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



देविंदर शर्मा
कृषि विशेषज्ञ
@jagrukjanta.net



> आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) ने संसार की मुख्य 54 अर्थव्यवस्थाओं द्वारा किसान को अनुदान के रूप में दी जाने वाली मदद का अध्ययन करने के बाद जो नवीनतम वैश्विक विश्लेषण पेश किया है, उसके अनुसार भारत ही एकमात्र देश है जिसका किसान अपना घाटा पूरा करने को यथेष्ट बजटीय प्रावधानों से महरूम है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारतीय किसान वर्ष 2000 से साल-दर-साल घाटा खा रहा है।

बीते लगभग 25 सालों से बजट प्रस्तुत करते समय अमूमन प्रत्येक वित्त मंत्री अपने संबोधन की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की महत्ती भूमिका का विशेष रूप से बखान से करता आया है। बजटीय भाषणों में इसका गुणगान करने को वह किसान की आजादी से लेकर खेती को देश की आर्थिकी की जीवनरेखा बताने जैसे अनेक जुमले इस्तेमाल करते रहे। अरुण जेटली ने कृषि आय में बढ़ोतरी को सरकार की प्राथमिकता में एक बताया था। निर्मला सीतारमण ने भी कृषि की महत्ता को मान्यता देते हुए इसे अपनी नौ मुख्य प्राथमिकताओं में एक बताकर सम्मानीय स्थान पर रखा है। लगभग हर बजट में जिस प्रकार कृषि को आगे बढ़ाने की बातें की गईं, उसके मुताबिक तो अब तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था का कायाकल्प हो चुका होती। लेकिन 'ध्यान का केंद्र' ठहराए जाने के बावजूद एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि कृषि उबरने की राह पर है। यह इसलिए क्योंकि अधिक जोर फसल उत्पादन बढ़ाने पर बना रहा।

इस उम्मीद से कि इससे किसान को अधिक कीमत और आय मिल पाएगी। परंतु कृषि संत्रास उलटा और बढ़ता गया। यदि सफल हरित क्रांति और प्रत्येक बजटीय सहायताओं के बावजूद किसान की खेती से होने वाली औसत वार्षिक आय 10,218 रुपये जितनी है तो खेती पर गहराए गंभीर संकट से इनकार नहीं किया जा सकता। यहां पर हकीकत की जांच यह है अनुमानों के अनुसार कर्नाटक में पिछले 15 महीनों में लगभग 1,182 किसानों को आत्महत्या करनी पड़ी है। वहीं महाराष्ट्र में इस साल जनवरी से जून के बीच 1,267 कृषकों को खुदकुशी करनी पड़ी, इसमें 557 मामले अकेले विदर्भ क्षेत्र से हैं। किसानों द्वारा आत्महत्या कोई नया चलन नहीं है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के पिछले 27 साल के रिकॉर्ड ऐसे मामलों की बहुत बड़ी संख्या दर्शाते हैं। जबकि, यह काल वह था जिसमें हर साल बजट में कृषि के लिए पिछले साल से अधिक राशि का प्रावधान किया जाता रहा। वर्ष 1995 से 2014 के बीच, 2,96,438 कृषकों को अपना जीवन समाप्त करने का अतिशयी कदम उठाना पड़ा। वर्ष 2014 से 2022 के बीच यह आकंड़ा 1,00,474 रहा। सरल शब्दों में, 1995 से 2022 के मध्य लगभग 4 लाख किसानों ने आत्महत्या की है और वह भी ऐसे वक्त में जब हर साल बजट में कृषि को उबारने का वादा किया जाता रहा। बजटीय राशि और कृषि संत्रास जारी रहने के बीच कोई मेल नहीं है। तेलंगाना अब कृषि ऋणों को माफ करने के दूसरे चरण में है। इस प्रक्रिया में 6.4 लाख किसानों का 6.198 करोड़ रुपये कर्ज माफ किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक किसान को कुल ऋण में 1.5 लाख रुपये की राहत मिलेगी। प्रथम चरण में, लगभग 11.34 लाख कृषकों के बैंक खाते में कुल 6,190 करोड़ रुपये डाले गए। तीसरे चरण में, जो इस महीने शुरू होगा, 17.75 लाख किसानों को 12,224 करोड़ रुपये की ऋण छूट मिलेगी। कुल मिलाकर, सूबे में 35.5 लाख किसानों को कर्ज में राहत मिलेगी। हालांकि, इसका यह मतलब नहीं कि दूसरे राज्यों के लिए कृषक के सिर पर बढ़ता जा रहा कर्जा चिंता का विषय नहीं है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) ने संसार की मुख्य 54 अर्थव्यवस्थाओं द्वारा किसान को अनुदान के रूप में दी जाने वाली मदद का अध्ययन करने के बाद जो नवीनतम वैश्विक विश्लेषण पेश किया है, उसके अनुसार भारत ही एकमात्र देश है जिसका किसान अपना घाटा पूरा करने को यथेष्ट बजटीय प्रावधानों से महरूम है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारतीय किसान वर्ष 2000 से साल-दर-साल घाटा खा रहा है। क्या अर्थव्यवस्था का कोई दूसरे क्षेत्र लगातार होते घाटे में जीवित रह पाता? भले ही हम कार्यविधि में खामियां ढूंढ़ें। लेकिन, तथ्य यही रहेगा कि तकनीक विकास की कितनी भी मदद करें अथवा उत्पादकता बढ़ाने को दूसरी योजनाओं को कितना भी धन दें। लेकिन, इससे किसी किसान की व्यक्तिगत आय में बढ़ोतरी होने से रही। दुनिया में भी कहीं और ऐसा नहीं हो पाया। ओईसीडी का अध्ययन इस तथ्य पर मुहर लगता है। यह वही है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में वाया बठिंडा कहते हैं अर्थात काम अथवा उपाय व्यर्थ घुमा-फिराकर करना। क्यों नहीं हम कृषि आय में बढ़ोतरी के उपाय, इसमें प्रयुक्त अवयवों अथवा तकनीक के आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से करने के बजाय सीधी राह से करते? अनेकानेक अध्ययन दर्शाते हैं कि कैसे लगभग सारा मुनाफा आपूर्तिकर्ताओं की जेबों में चला जाता है और किसान वहीं का वहीं यानी सबसे निचले पायदान पर रह जाता है।

यूके में हुआ हालिया अध्ययन कहता है कि जहां स्ट्रॉबेरी और रसभरी के विपणन से खुदरा मुनाफा 2021 में बढ़कर 21 पेंस हो गया, वहीं इसमें किसान के हिस्से सिर्फ 3.5 पेंस आए। इससे पहले के कुछ अध्ययन दर्शाते हैं कि रोजमर्रा इस्तेमाल की जिन छह आवश्यक वस्तुओं पर कोई उपभोक्ता निर्भर है, किसान को उनसे प्राप्त खुदरा मुनाफे में केवल 1 फीसदी मिलता है। इसलिए, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने पर जोर जरूरी है जैसा कि नवीनतम बजट में भी कहा गया है, यह तभी कारगर हो पाएगा यदि मुख्य उत्पादक यानि कृषक के अधिक हिस्से की गारंटी सुनिश्चित हो। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कुल बजट का महज 3.15 प्रतिशत धन रखना, वह भी तब जब देश की लगभग आधी आबादी का रोजगार खेती हो, इससे कुछ बहुत अधिक प्राप्ति की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस साल कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। पिछले साल के मुकाबले इजाफा भले ही 26000 करोड़ रुपये अधिक है, किंतु आवश्यक रूप से गैर-योजनागत खर्चों के लिए है, पहले से चली आ रही योजनाओं के लिए। यह देखते हुए कि कृषि बजट में 60,000 करोड़ रुपये वह मद भी शामिल हैं, जो प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के लिए है, जिसके तहत लाभार्थी किसान के बैंक खाते में प्रति माह 500 रुपये दिए जाते हैं, तब कृषि बजट हेतु पीछे केवल 92,000 करोड़ रहे।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

---

**शाहपुरा में जन पोषण केन्द्र का हुआ उद्घाटन**

## जयपुर जिले की 15 उचित मूल्य की दुकानें जन पोषण केंद्र के लिए चयनित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को शाहपुरा के नाथावाला ग्राम पंचायत में जन पोषण केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने बताया कि जन पोषण केंद्र का उद्देश्य उचित मूल्य दुकानदार की आय में वृद्धि करना तथा जनता को पोषण के प्रति जागरुक करना और पोषक पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उपायुक्त आशीष कुमार ने बताया कि बाल्यावस्था से ही पोषण पर ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि पोषण पर किया गया खर्च बीमारियों से बचाता है। जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण अनुराधा गोगिया ने जानकारी दी कि जयपुर जिले में 15 उचित मूल्य दुकान जन पोषण केंद्र के लिए चयनित की गई है। उपखंड अधिकारी शाहपुरा अशोक कुमार, प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल, जयराम गुर्जर, प्रवर्तन निरीक्षक राहुल भावरिया तथा अन्य अधिकारी गण, सरपंच प्रतिनिधि रामफूल गुर्जर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे ने भी शिरकत की।

## 6 सीटों पर होगा विधानसभा उपचुनाव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में रिक्त हुई 6 विधानसभा सीटों पर जल्द ही उपचुनाव होने की घोषणा होने वाली है। इन छह में से एक सीट भाजपा के खाते की भी है। सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा का हाल ही में निधन हुआ है, जिस वजह से ये सीट खाली हो गई है। यह सीट भाजपा हर हाल में जीत कर विधानसभा में अपना आंकड़ा फिर से 114 से 115 करना चाहती है। इसके लिए भाजपा ने इस सीट पर विशेष फोकस किया है। भाजपा के लिए इस सीट पर कांग्रेस ही नहीं बल्कि इस सीट पर पहली बार चुनाव लड़ने वाली भारतीय आदिवासी पार्टी भी चुनौती है। इस सीट पर 2023 के चुनाव में बीएपी पहली बार चुनाव लड़ी और पहली ही बार में बीएपी प्रत्याशी को बड़ी संख्या में वोट मिले।



भाजपा प्रत्याशी यहां पहले, कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे और बीएपी प्रत्याशी तीसरे नम्बर पर रहा। कांग्रेस और बीएपी प्रत्याशी के वोटों का अंतर 13 हजार 704 ही रहा। भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा भी कांग्रेस प्रत्याशी से मात्र 14 हजार 691 वोटों से ही जीते थे। बीएपी प्रत्याशी को 24.23 प्रतिशत वोट मिले। इसके बाद से ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस सीट पर नए समीकरण बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव के चंद माह बाद ही उपचुनाव होने से दोनों राजनीतिक दल अभी से ही रणनीति बनाने में जुट गए हैं, जिससे यह सीट बीएपी के खाते में नहीं जा सके। भाजपा इस सीट पर सहानुभूति की लहर की तो उम्मीद कर ही रही है, लेकिन साथ ही जातिगत समीकरण साधने पर भी काम कर रही है।

### पांच सीटों में से भी कुछ सीटों पर जीतने की कोशिश

विधानसभा की अन्य पांच सीट लोकसभा चुनाव में जीते सांसदों की वजह से खाली हुईं थीं। इन पांच में से एक भी सीट पर भाजपा का विधायक नहीं था इसलिए भाजपा के पास इन पांच सीटों पर खोने को तो कुछ नहीं है, लेकिन पार्टी इस कोशिश में लगी हुई है कि दो से तीन सीटें अवश्य जीतें। इसके लिए भी पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव में 6 सीटों खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर, चौरासी, झुंझुनूं और दौसा सीटों पर उपचुनाव होने है जिसकी घोषणा जल्द होने वाली है।

## SC-ST सब-कैटेगरी के खिलाफ 21 अगस्त को भारत बंद!

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के आरक्षण को सब कैटेगरी बनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर सियासी संघर्ष तेज हो गई है. अदालत के फैसले के खिलाफ कल बुधवार (21 अगस्त) को भारत बंद का ऐलान किया गया है, जो सोशल मीडिया पर लगातार ट्रेंड कर रहा है। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती से लेकर सांसद चंद्रशेखर सहित तमाम दलित सियासी पार्टियां और सामाजिक संगठनों ने 21 अगस्त को भारत बंद के समर्थन कर दिया है. इस तरह 6 साल बाद एक फिर से दलित समाज की लोग सड़क पर उतरने जा रहे हैं। बंद के दौरान शिक्षण संस्थानों में संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से शिक्षण कार्य बंद रखा जायेगा।

### ब्भाजपा ने सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को बनाया राजस्थान में राज्यसभा उपचुनाव में अपना उम्मीदवार

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** भाजपा ने तीन सितंबर को राजस्थान में राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने मंगलवार को राजस्थान राज्यसभा उपचुनाव के लिए बिट्टू को भाजपा उम्मीदवार बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

## राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने पदभार संभाला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल के सचिव पद पर मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ.पृथ्वी ने पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनौपचारिक संवाद किया। उन्होंने सभी से प्रतिबद्धता और समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. पृथ्वी भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं। अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड सर्जरी (एमबीबीएस) की शिक्षा प्राप्त डॉ. पृथ्वी ने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी यूएसए से स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य नेतृत्व और प्रबंधन में मास्टर्स किया है। वह सार्वजनिक नीति और वरिष्ठ प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। बीकानेर, पाली, प्रतापगढ़ के वह जिला कलक्टर रहे हैं।

**रक्षा बंधन पर नवाचार, चलाई अनूठी मुहिम**

## छुट्टा पशुओं के गले की रेडियम पट्टी रोकेगी दुर्घटनाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** हर कोई रक्षाबंधन को अपने अंदाज में अलग अलग तरह से मनाते है, लेकिन पीपाड़ शहर के समाजसेवी और ए टु जेड सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने अपनी संस्थान के सदस्?यों के साथ मिल दुसरे चरण में रक्षाबंधन पर एक नवाचार के तौर पर वृक्षारोपण, गायो को हरा चारा, लापसी, वानर सेवा के साथ जो इस बार खास मुहिम चलाई है वह यह है की रात्रिकालीन में सड़क हादसों का शिकार हो रही गायों की सुरक्षा को लेकर सभी युवावर्ग गंभीर हो रहे है। छुट्टा पशुओं की वजह से होने वाले सड़क हादसों की घटनाओं को रोकने के लिए पीपाड़ शहर की संस्थान एटु जेड ने अनोखी पहल की है। समाजसेवी अरविंद टाक ने बताया की शहर और आसपास ग्रामीण इलाको में अब विचरण करने वाले व छुट्टा घूमने वाले पशुओं के गले में और सिंगों में रेडियम की पट्टी डाली जाएगी, इसके तहत प्रतिदिन 15 से 20 पशुओं के गले में यह स्लोगन के साथ रेडियम का पट्टा बांधा जाएगा, ताकि रात के अंधेरे में रेडियम का पट्टा चमकने से सड़क पर बैठे जानवरों का पता चल सके। इस दुसरे चरण में पट्टी का विमोचन केन्द्रीय पर्यटन एंव संस्कृति मंत्री भारत सरकार के गजेंद्र सिंह शेखावत के शुभ हाथों से किया गया उन्होंने कहा की इस पहल से सड़क पर बैठे रहने वाले पशुओं के कारण आए दिन हो रहे हादसों में काफी हद तक विराम लग सकेगा और आम जन में गौ सेवार्थ हेतु अच्छा संदेश जायेगा।

बता दें कि जानवरों के कारण होने वाले हादसों में जहां वाहन चालक चोटिल होता है, वहीं पशु भी घायल हो जाते हैं। बड़े वाहनों की टक्कर से तो कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। इससे आए दिन शहर और ग्रामीण इलाके में विवाद की स्थिति भी बन रही थी. इस अभियान के विमोचन के दौरान ए टु जेड संस्थान अध्यक्ष अरविंद टाक, पेन्टर देवाराम जांगिड़, मेहराम गहलोत, योगाचार्य भगवान राम परिहार, सी ए चेनाराम गहलोत, करण गहलोत कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस पहल के साथ पीपाड़ शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी कई गौ भक्त इस अभियान में जुड़ रहे हैं। समाजसेवी मेहराम गहलोत ने बताया की पहले चरण में ग्यारह सौ रेडियम की पट्टीयां बांधी है और अब दुसरे चरण में ग्यारह सौ और बांध रहे है जो इस रक्षाबंधन पर एक नवाचार के तौर पर है अभी खेती-बाड़ी की सीजन है और भादवा महीना में पैदल यात्रियों का रेलम पेल रहता है इसलिए नेशनल हाईवे पर वाहन अंधी रफ्तार से दौड़ते हैं जिससे टकारकर सड़क पर बैठी गाय या तो गंभीर रुप से घायल हो जाती है या फिर मौत का शिकार हो जाती है। आमतौर पर बेसहारा गाय पक्का स्थान देखकर सड़क पर बैठ जाती हैं, रात के अंधेरे में ये नजर नहीं आतीं जिससे ये हादसे का शिकार होती हैं। गायों के गले में रेडियम बेल्ट डालने या उनके सींगों पर रेडियम लगाने से उनको इन दुर्घटनाओं से बचाया जा सकता है। अंधेरे में रेडियम चमकता है जिसका फायदा गौवंश को मिलेगा।

**आदर्श आचार संहिता लागू**

# नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर उपचुनाव के कार्यक्रम घोषित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव संचिता बिश्नोई ने बताया कि राजस्थान के 11 जिलों बारां, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, जालेर, गंगापुर सिटी, कोटा, श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ के कुल 12 नगर निकायों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे। ?

**सदस्य पद उपचुनाव के लिए लोक सूचना जारी**

**संचिता** बिश्नोई ने बताया कि सदस्य पद के उपचुनाव के लिए मंगलवार को लोक सूचना जारी कर दी गई है। नामांकन पत्रों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त, शनिवार प्रातः 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 27 अगस्त को सुबह 10.30 बजे की जाएगी। वहीं 29 अगस्त, गुरुवार अपराह्न 3 बजे तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। चुनाव चिह्नों का आवंटन 30 अगस्त शुक्रवार को किया जाएगा। 5 सितंबर गुरुवार को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान किया जाएगा। वहीं 6 सितंबर शुक्रवार को सुबह 9 से मतगणना की जाएगी।

### अध्यक्षीय पदों के लिए 17 को होगा मतदान

**संचिता** बिश्नोई ने बताया कि इसी प्रकार अध्यक्षीय पदों के लिए लोक सूचना सोमवार, 9 सितंबर को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि मंगलवार, 10 सितंबर सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रहेगी। बुधवार, 11 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। गुरुवार 12 सितंबर अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के तुरंत बाद 12 सितंबर, गुरुवार को ही चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। मतदान 17 सितंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 तक होगा तथा मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी।

### उपाध्यक्षीय पदों के लिए 18 को होगा चुनाव

संचिता बिश्नोई ने बताया कि उपाध्यक्षीय पदों के लिए निर्वाचन की तिथि 18 सितंबर, बुधवार निर्धारित की गई है। इस दिन सुबह 10 बजे बैठक शुरू की जाएगी। सुबह 11 बजे तक नामांकन पत्रों का प्रस्तुतीकरण, सुबह 11.30 से नामांकन पत्रों की संवीक्षा और अपराह्न 2 तक नाम वापसी की जा सकेगी। आवश्यक होने पर अपराह्न 2.30 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जयंती पर दी पुष्पांजलि

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गॉधी की जयंती पर आज प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुये। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि आज प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ ही समाज कल्याण, साम्प्रदायिक सौहार्द्र कायम करने, विज्ञान एवं तकनीकी तथा महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका तथा युवाओं के लिये करने योग्य कार्यों से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गॉधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री राजीव गॉधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्व. राजीव गॉधी के जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री

साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 21/08/2024**

**सूर्योदय** : 06:05 **सूर्यास्त** : 18:54 **चन्द्रोदय** : 20:14 **चन्द्रास्त** : 07:27 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : श्रावण **पूर्णिमांत** : भाद्रपद **सूर्य राशि** : सिंह **चन्द्र राशि** : कुम्भ **पक्ष** : कृष्ण **भाद्रपद** - पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **श्रावण** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस **तिथि** : द्वितिया, 17:07 तक **वार** : बुधवार

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पूर्वभाद्रपदा, 24:25 तक
**योग** : सुकर्माण, 16:58 तक
**प्रथम करण** : तैतिल, 06:50 तक
**द्वितिय करण** : गारा, 17:07 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:26 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:48 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:34 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:54 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:54 पी एम से |
| अमृत काल | 05:25 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:2 ए एम, अगस्त 22 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : मंगल
नक्षत्र शूल : दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 06:04 - 07:40 | उद्वेग : 18:53 - 20:17 |
| अमृत : 07:40 - 09:16 | शुभ : 20:17 - 21:41 |
| काल काल वेला : 09:16 - 10:52 | अमृत : 21:41 - 23:05 |
| शुभ : 10:52 - 12:28 | चर : 23:05 - 00:29 |
| रोग वार वेला : 12:28 - 14:05 | रोग : 00:29 - 01:53 |
| उद्वेग : 14:05 - 15:41 | काल : 01:53 - 03:16 |
| चर : 15:41 - 17:17 | लाभ : 03:16 - 04:40 |
| लाभ : 17:17 - 18:53 | उद्वेग : 04:40 - 06:04 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज चतुर्थी

### आज कौन सा कार्य करें

द्वितीया को राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

भाद्रपद, कृष्ण, द्वितीया, 2081 बुधवार, 21 अगस्त - 27 अगस्त, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

### रक्षाबंधन पर्व : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को वीरांगनाओं ने बांधी राखी

# मैं आपका भाई, वीरांगना बहनों की हरसंभव मदद के लिए तत्पर-शर्मा

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश की वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी वीरांगनाओं को शॉल, श्रीफल, मिठाई एवं सम्मानस्वरूप राशि भेंट कर शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आपका भाई हूं और वीरांगना बहनों की हरसंभव मदद के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रक्षाबंधन के पर्व पर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए उनके द्वार पर पहुंची है। इसके तहत प्रदेशभर की लगभग 1 हजार 500 वीरांगनाओं को सम्मान स्वरूप रक्षाबंधन के अवसर पर 2100 रुपये, मिठाई, श्रीफल और शॉल प्रदान किए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी उपखण्ड स्तर पर प्रतिमाह नियमित रूप से वीरांगनाओं की समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वीरांगना प्रगति माथुर पत्नी शहीद मेजर आलोक माथुर, श्रेया चौधरी पत्नी शहीद मेजर विकास भाम्भू, कृष्णा कंवर पत्नी शहीद राइफलमैन विक्रम सिंह, उषा शेखावत पत्नी शहीद नायक राजीव सिंह शेखावत, पिंकी देवी पत्नी शहीद हवलदार दाता राम, संतोष कंवर पत्नी शहीद नायक आनंद सिंह, मन्जू पत्नी शहीद नायक सांवरमल भामू, सम्पत कंवर पत्नी शहीद राइफलमैन प्रहलाद सिंह शेखावत, मरूधर कंवर पत्नी शहीद हवलदार नन्द सिंह, दरियाव कंवर पत्नी शहीद भंवर सिंह, विष्णु कंवर पत्नी शहीद किशन सिंह एवं निशा पत्नी शहीद कैप्टन प्रमोद लाल यादव ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधा।

वीरांगना निशा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर वीरांगनाओं के सम्मान की ऐतिहासिक पहल की गई है।

मरुधर कंवर ने मुख्यमंत्री से कहा कि आप ही हमारे भाई हैं। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल के लिए आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने सहृदयता के साथ सभी वीरांगनाओं से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बुजुर्ग वीरांगना दरियाव कंवर के समीप स्वयं पहुंचकर रक्षासूत्र बंधवाया।

# कौशिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वाधीनता दिवस



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** दादीका फाटक स्थित कौशिक शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 78वें स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर संस्थापक राजेश कौशिक व निदेशक अनिल कौशिक की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा भारत की परंपरा, संस्कृति, राष्ट्रीय भक्ति एवं भारतीय अनेकता में एकता के भाव को प्रदर्शित करने का अनूठा व सराहनीय प्रयास किया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी संस्थापक, निदेशक एवं अध्यापकों के साथ झंडा लहराकर आजादी का उत्सव मनाया। इस अवसर पर व्यवस्थापक ज्योति मिश्रा के निर्देशन में विद्यालय स्टॉफ से बसंत ने मंच संचालन किया। इसी प्रकार मनमोहन, माधुरी एवं दीपिका ने कार्यक्रम को तैयार कर सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## एचजेयू में प्रवेश के लिए 28 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) में अकादमिक सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने से वंचित रहे इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेश का एक और अवसर दिया जा रहा है। जिन पाठ्यक्रमों में सीटें रिक्त हैं उनमें द्वितीय चरण के तहत आवेदन 21 से 28 अगस्त 2024 तक किया जा सकता है। प्रवेश संबंधी जानकारी और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (hju.ac.in) पर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ही आवेदन करना है। जिन पाठ्यक्रमों में सीटें रिक्त हैं उनमें तीन वर्षीय स्नातक पाठयक्रम (बीए-जेएमसी), चार वर्षीय बीए-जेएमसी (ऑनर्स-मीडिया अध्ययन) और दो वर्षीय स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम एमए (मीडिया स्टडीज), एमए (न्यू मीडिया) और एमए (विकास संचार) शामिल हैं।

### कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग की बजट घोषणा के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

# योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचे

जागरूक जनता jagrukjanta.net




**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को पंत कृषि भवन में विभागीय बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी विभागीय योजना प्रभारी बजट योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढाकर ज्यादा से ज्यादा कृषकों को लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचना सुनिश्चित करें। जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। गालरिया ने बैठक में फार्म पॉन्ड, डिग्गी, सिंचाई पाइपलाइन, कृषि यंत्र, तारबंदी, पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, सोलर पंप, ड्रिप, स्पिंगलर, मिनी स्प्रिंकलर, कृषक उत्पादन संगठन सहित विभागीय गतिविधियों की प्रगति के बारे में संबंधित योजना प्रभारी से जानकारी ली। बैठक में आयुक्त कृषि कन्हैयालाल स्वामी, आयुक्त उद्यानिकी एवं निदेशक कृषि विपणन विभाग जयसिंह, अतिरिक्त निदेशक (आदान) डॉ. सुवालाल, अतिरिक्त निदेशक (उद्यान) के सी मीणा, अतिरिक्त निदेशक (विस्तार) टी के जोशी, निदेशक बीज प्रमाणीकरण संस्था के सी मीणा सहित संबंधित योजना प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रज्ञता फाउंडेशन करेगा महिलाओं का सम्मान, समानता दिवस कार्यक्रम 26 को

» **जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास के लिए समर्पित एक प्रमुख गैर-सरकारी संगठन, प्रज्ञता फाउंडेशन, महिला समानता दिवस को एक विशेष कार्यक्रम "वुमन ऑफ वंडर" पुरस्कार के साथ मनाएगा। यह कार्यक्रम 26 अगस्त को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक महिपालपुर स्थित कार्डिनल एक्सप्रेस ऑक्समो में होगा। कार्यक्रम समंवयक ममता यादव ने बताया कि यह प्रतिष्ठित समारोह उन महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों को पहचानने और सराहना करने के उद्देश्य से है जिन्होंने नेतृत्व, उद्यमिता और सामाजिक प्रभाव में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दिल्ली और एनसीआर के प्रभावशाली नेता इन उल्लेखनीय महिलाओं को सम्मानित करने के लिए एक साथ आएंगे। एक प्रतिष्ठित ज्यूरी पैनल नेतृत्व, उद्यमिता और सामाजिक प्रभाव सहित विभिन्न श्रेणियों में प्रतिष्ठित "वुमन ऑफ वंडर" पुरस्कारों के लिए विजेताओं का चयन करेगा। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और एक बेहतर समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाने के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित होगा।

# शारीरिक व्याधियों से मुक्ति एवं आत्मिक पवित्रता हेतु श्रावणी उपागम आयोजित

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** रक्षाबंधन के दिन श्रावणी पर्व भी मनाया गया। गायत्री सप्तक्रांति ट्रस्ट जयपुर द्वारा कृष्ण पैलेस मैरिज गार्डन माताजी का मंदिर के पास, मुरलीपुरा में श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया। जिसमें भावनाशील साधकों ने दश स्नान कर यज्ञ में भाग लिया एवं रक्षा सूत्र बंधवाएं। श्रावणी कर्म एक धार्मिक कर्मकांड ही नहीं, अपितु रोगों को दूर करने वाला आयुर्वेदिक प्रयोग भी है। श्रावणी कर्म में प्रयुक्त होने वाली सभी वस्तुएं दाद खाज खुजली जैसे चर्म रोगों को दूर कर आत्मिक पवित्रता एवं कुसंस्कारों से मुक्ति प्रदान करती है। यज्ञाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने साधकों को दूध, दही, गौ मूत्र, गौमय, मिट्टी, भस्म, हल्दी, शहद, कुशा से स्नान कराया। यह सभी चीजें शरीर की आंतरिक और बाह्य गंदगी को दूर कर शरीर को पवित्र बनाती हैं। इसके बाद श्रद्धालुओं ने ऋषि पूजन कर ऋषियों द्वारा किए गए उपकार को याद कर उनसे उऋण होने का संकल्प लिया। हिमाद्रि संकल्प में युग निर्माण में प्राण प्रण से जुटने का संकल्प लिया गया। सत्कर्म के रूप में यज्ञोपवीत, सद्ज्ञान के रूप में शिखा का पूजन भी किया गया। अंत में गायत्री मंत्र द्वारा यज्ञ देवताओं को आहुतियां अर्पित की गई।

# बच्चों ने सैनिकों को बांधी हस्तनिर्मित राखी

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर, मुरलीपुरा, जयपुर स्थित संस्कृति चिल्ड्रन्स अकेडमी के विद्यार्थियों ने आर्मी क्वार्टर्स का दौरा किया, जहाँ उन्होंने देश की सुरक्षा में तैनात बहादुर सैनिकों को अपने हाथों से बनाई हुई राखियाँ बांधी। यह कार्यक्रम न केवल सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बना, बल्कि बच्चों में देशभक्ति और समाजसेवा के भाव को प्रोत्साहित करने का भी एक अनूठा प्रयास रहा। इस अवसर पर स्कूल के सचिव आयुष शर्मा ने कहा, "हमारे बच्चे देश के उन वीरों से मिलकर बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं, जो हमारी रक्षा के लिए हर दिन अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हमने बच्चों में न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना जागृत की है, बल्कि उन्हें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का भी एहसास कराया है।" इस अवसर पर प्रिंसिपल अशोक कुमार शर्मा ने निजी शिक्षण संस्थान जयपुर के अध्यक्ष प्रताप जी के साथ-साथ आर्मी अधिकारियों को भी विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने बच्चों के लिए इस आयोजन को संभव बनाने में सहायता की।

# सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा से होगा बिजली उत्पादन

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य के सरकारी इमारत-भवनों (स्ट्रीट लाइट व पेयजल वितरण सहित) में हर माह करीब 3400 लाख यूनिट बिजली खर्च हो रही है, जिसके लिए 337 करोड़ रुपए डिस्कॉम्स को चुकाए जा रहे हैं। सरकार इस खर्च को बचाने और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए इन सरकारी भवनों की छत पर एक हजार मेगावाट के सोलर पैनल लगाने जा रही है। इससे हर साल करीब 17000 लाख यूनिट बिजली बनेगी। इससे भवनों की बिजली का बिल शून्य हो जाएगा। केवल स्ट्रीट लाइट और पेयजल सप्लाई के लिए होने वाली बिजली खपत का बिल भरना होगा। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी डिस्कॉम्स ने इनमें 1574 मेगावाट क्षमता के कनेक्शन दे रखे हैं।

### महंगी बिजली, कम खरीद

**बिजली** उत्पादन और डिमांड में अंतर के कारण महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। एक्सचेंज से करोड़ों यूनिट बिजली 10 रुपए प्रति यूनिट में खरीदी गई। इन भवनों में सोलर पैनल लगने के बाद सालाना 17000 लाख यूनिट सोलर बिजली सप्लाई हो सकेगी।



### पांच रुपए यूनिट बचेंगे

**अभी** प्रति यूनिट 8 रुपए की दर से बिजली ली जा रही है। सोलर पैनल से करीब 3 रुपए प्रति यूनिट ही बिजली उत्पादन लागत आएगी। सप्लाई व अन्य चार्ज जोड़ लें तो भी 4 से साढ़े चार रुपए प्रति यूनिट बचेंगे।

### डिस्कॉम्स को मिलेगी बिजली

सरकारी इमारत, भवनों में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक ही अधिकतम बिजली खपत होती है। इसी दौरान सौर ऊर्जा का उत्पादन भी होता है। छुट्टियों में सस्ती बिजली डिस्कॉम को मिल सकेगी।

### सूर्योदय योजना से उम्मीद

पीएम सूर्योदय योजना से राजस्थान के लिए उम्मीद बढ़ी है। केन्द्र सरकार ने एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाने की योजना बनाई है, इसमें राजस्थान का ग्राफ सबसे ऊंचा हो सकता है क्योंकि, यहां सबसे ज्यादा सोलर रेडिएशन है।

**सस्ती** बिजली उत्पादन बढ़ाने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सरकारी इमारत, भवनों की छतों को रूफटॉप सोलर से लैस किया जाएगा। निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

**- हीरालाल नागर,** ऊर्जा मंत्री






78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुंमू ने दिया राष्ट्र के नाम सम्बोधन

# भारत बना दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था-राष्ट्रपति मुर्मू



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि अगले दौर के आर्थिक सुधारों के लिए मंच तैयार हो चुका है, जिसका मकसद भारत को विकसित देशों की कतार में लाना है। मुर्मू ने 78वें स्वतन्त्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संदेश में देश की शानदार आर्थिक प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच सालाना आठ प्रतिशत की औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करके भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा, 'यह हम सभी के लिएगर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और हम जल्दी ही विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे।' राष्ट्रपति ने इस सफलता का श्रेय किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति- निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शीनेतृत्व को दिया। उन्होंने देश की आजादी के सौवें साल 2047 तक भारत को विकसित देश में बदलने के सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के जोर, कृत्रिम मेधा और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने और बैंक और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने जैसे प्रमुख उपायों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये प्रमुख कारक भारत को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आबादी पर उच्च आर्थिक वृद्धि के सकारात्मक प्रभावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देशवासियों के हाथों में अधिक पैसा आया है, बल्कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है। इसके चलते खर्च करने योग्य आमदनी बढ़ी और गरीबी के स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है।




# सिविल कोड पर पीएम की किलेबंदी

## मोदी ने लाल किले से वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे मुद्दों का भी किया ज़िक्र

पीएम ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 98 मिनट भाषण दिया।

### बांग्लादेश का भी जिक्र

प्रधानमंत्री ने पड़ोसी देश बांग्लादेश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हुआ है, उसको लेकर पड़ोसी देश के नाते चिंता होना समझ सकता हूं। मैं आशा करता हूं कि वहां पर हालात जल्द ही सामान्य होंगे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने गुरुवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से सेकुलर सिविल कोड को वक्त की मांग बताया। वन नेशन, वन इलेक्शन की वकालत की। राजनीति में परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर निशाना साधा। उन्होंने समान नागरिक संहिता को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी इसे लेकर बार-बार चर्चा कर रहा है। कई बार आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हू कि इस गंभीर विषय पर व्यापक चर्चा हो, हर कोई अपने विचार लेकर आए। जो कानून देश को धर्म के आधार पर बांट दे, समाज में ऊंच-नीच का कारण बन जाए, ऐसे कानून का समाज में कोई स्थान नही है और इसलिए मैं तो कहूंगा और समाज की मांग है कि देश में एक सेक्युलर सिविल कोड होना चाहिए।'

**पीएम मोदी ने राजनीति में परिवारवाद से लेकर भ्रष्टाचार को लेकर भी निशाना साधा।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने कम्युनल सिविल कोड मे 75 साल बिताए है, अब हमें सेकुलर सिविल कोड की तरफ जाना होगा तभी हम धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्त हो सकेंगे। मोदी ने 11वीं बार लाल किले से तिरंगा फहराया और देश के नाम संबोधन में विकसित भारत के संकल्प का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में हिदुओ की सुरक्षा को लेकर भी बात की। उन्होंने यह भी कहा कि 2036 में ओलिपिक्स भारत में हो इसकी तैयारी देश कर रहा है।



**विजेताओं का स्वागत:** पीएम ने पैरिस ओलिपिक्स से मेडल लेकर लौटे भारतीय दल से गुरुवार को अपने आवास पर मुलाकात की। निशानेबाज मनु भाकर ने उन्हें अपनी वह पिस्टल दिखाई जिससे उन्होंने दो ब्रॉन्ज मेडल जीते।

**वन नेशन वन इलेक्शन:** पीएम ने वन नेशन वन इलेक्शन का भी जिक्र किया। उन्होने कहा कि बार-बार चुनावो से देश की तरक्की बाधित होती है। उन्होंने सभी से इस पर साथ आने की अपील की।

**महिला सुरक्षा:** पीएम ने महिला सुरक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओ के खिलाफ अपराधो की जल्द से जल्द जाच हो। ऐसी हरकत करने वालो को जल्द से जल्द कड़ी सजा हो।

**परिवारवाद-जातिवाद पर हमला:** परिवारवाद और जातिवाद को लेकर कहा कि यह लोकतंत्र को बहुत नुकसान कर रहा है। देश की राजनीति को हमे परिवारवाद और जातिवाद से मुक्ति दिलानी होगी।

**नए चेहरों को मिले मौका:** राजनीतिक दलो को परिवारवाद से बचाने के लिए एक लाख युवाओ को आगे लाने की बात की। कहा कि ये ऐसे परिवारो से आए, जिनका राजनीति से कोई सबध न रहा हो।

**ओलिपिक्स मेजबानी:** पीएम ने 2036 में होने वाले ओलिपिक्स की मेजबानी के लिए भारत के सकल्प को दोहराते हुए कहा कि देश इस खेल महाकुभ के आयोजन के लिए तैयारी कर रहा है।

**MBBS सीटों पर बात:** पीएम ने कहा, 'हमने पिछले 10 साल मे मेडिकल सीटो की सख्या को करीब करीब एक लाख कर दिया। अगले पाच साल मे 75 हजार नई सीटे बनाई जाएगी।'

**विदेशी हाथ की ओर इशारा:** देश के बाहर और भीतर की चुनौतियो का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग होते है, जो प्रगति देख नही सकते है। देश को ऐसे लोगों से बचना होगा।

### राष्ट्रपति के संबोधन में नेहरू का ज़िक्र नहीं, विवाद



**कांग्रेस ने** आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के राष्ट्र के नाम के सबोधन मे देश के पहले प्रधानमत्री पडित नेहरू का जिक्र नही होना उन्हे इतिहास से मिटाने के लिए जारी अभियान का हिस्सा है। देशवासियो को 78वे स्वतत्रता दिवस की शुभकामनाए देते हुए राष्ट्रपति ने महात्मा गाधी, सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महान जननायको को याद किया था।

### राहुल को पीछे बैठाने से PM की कुंठा दिखी : कांग्रेस



**कांग्रेस ने** गुरुवार को दावा किया कि लाल किले पर स्वतत्रता दिवस कार्यक्रम मे लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गाधी को पीछे बैठाना प्रधानमत्री की कुठा को दिखाता है। यह बतलाता है कि सरकार को लोकतत्र और लोकतात्रिक परपराओ की कोई परवाह नही है। दूसरी तरफ, सूत्रो ने कहा कि बैठने की सभी व्यवस्थाए वरिष्ठता तालिका के अनुसार की गई थी।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## बिजली की बर्बादी को रोकना वालियंटर की नैतिक जिम्मेदारी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को अक्षय ऊर्जा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजीव माथुर कि अध्यक्षता व कुलसचिव डॉ. भावेश कुमावत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अक्षय ऊर्जा को लेकर सभी को जागरूक करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजीव माथुर ने बताया कि एनएसएस वालंटियर की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि ऊर्जा संरक्षण के प्रति लोगों में जन जागरूकता फैलाने और बिजली की बर्बादी को रोकथाम करें। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ भावेश कुमावत ने बताया कि बिजली पर निर्भरता और उसकी खपत को कम करने के उद्देश्य से माधव विश्वविद्यालय में 102 किलो वाट के सौर ऊर्जा संयंत्र को लगाया गया है । एनएसएस निदेशक डॉ देवेंद्र मुजाल्दा ने स्वयंसेवकों से अपील की कि बिजली की बचत के लिए ज्यादा से ज्यादा एलईडी और सीएफएल बल्ब का उपयोग करें। एनएसएस समन्वयक यूनिट प्रथम की संगीता सिंह ने सस्टेनेबल एनर्जी फॉर ऑल के बारे में जानकारी व्यक्त की। एनएसएस समन्वयक यूनिट द्वितीय की डॉ रेणुका ने सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं से अवगत कराया जिससे कि कम कीमत पर बिजली प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में युव चौधरी, दुर्गा व सीमा ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान दीक्षा जांगिड़, ज्योतिका, सीमा जागीड, खुश शर्मा, अमर सिंह, जगदीश राजपुरोहित, अरुण कुमार, आनंद त्रिवेदी व कानन सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई ।

## माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से कार्यक्रम आयोजित

» **जागरूक जनता @ आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से सद्भावना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ राजीव माथुर की अध्यक्षता व कुलसचिव डॉ भावेश कुमावत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ राजीव माथुर ने सद्भावना दिवस को लेकर जानकारी दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ भावेश कुमावत ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विभिन्न संस्कृतियों के लोगों में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भावना को प्रोत्साहित करना है। एनएसएस निदेशक डॉ देवेंद्र मुजाल्दा ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन सभी धर्मों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द को लोगों में बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। एनएसएस इकाई प्रथम की प्रभारी संगीता सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के प्रशासन के तहत शिक्षा, प्रौद्योगिकी में सुधार की पहल को लागू किया गया था। एनएसएस इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ रेणुका ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जीवन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में युव चौधरी, दुर्गा व रवीना ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान दीक्षा जागीड़, ज्योतिका जागीड़, खुश शर्मा, अमर सिंह, जगदीश राजपुरोहित, सीमा, अरुण कुमार व आनंद त्रिवेदी सहित अनेक छात्र - छात्रा उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सवः भजन-संकीर्तन कर ठाकुरजी को रिझाया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में मनाए जा रहे श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में मंगलवार को ठाकुरजी के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश हुआ। मंदिर महंत श्री अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में श्री गौरांग महाप्रभु मंदिर जयपुर के कलाकारों ने भजन-संकीर्तन कर ठाकुरजी को रिझाया। संगीत की स्वर लहरियों के बीच कलाकारों ने साख्य भाव से भाव प्रवण नृत्य किया। ठाकुरजी के मनमोहक बंगले के समक्ष मीनाक्षी लखोटिया के निर्देशन में कलाकारों ने कालिया मर्दन और अधरम् मधुरम् रचनाओं पर नत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। रेखा सैनी और साथी कलाकारों ने गोविंद केशव दामोदर वासुदेवा कृष्ण स्तुति को नृत्य के भावों के साथ प्रस्तुत किया। कविता सक्सैना और माधव सक्सैना के दल ने कृष्ण जन्मोत्सव लीला और माखन चोरी की लीला को गायन और नृत्य के साथ ऐसा प्रस्तुतिकरण दिया कि श्रद्धालु एकटक निहारते रहे। दीपक माथुर और सुप्रिया ने गोविंद घर आओ...., सांवरिया रो नाम म्हानै प्यारो घणो लागै.... रात के अंधेरे में आया कन्हैया...जैसे भाव प्रवण भजनों से श्रोताओं को भक्ति की सरिता में डुबकी लगवाई। कार्यक्रम में निर्देशन की बागडोर दीपक माथुर ने थामी। संचालन संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने किया।



मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि 21 अगस्त को सुबह श्री राधा गोविंद प्रभातफेरी मंडल की ओर से भजन संकीर्तन होगा। वहीं, शाम को सात से रात्रि साढ़े आठ बजे तक आलोक भट्ट कृष्ण भजनों की स्वर लहरिया बिखरेंगे। 22 अगस्त को श्री निंबार्क परिषद मंडल की ओर से सुबह-भजन संकीर्तन होगा। शाम को अविनाश शर्मा गायन एवं नृत्य की जुगलबंदी प्रस्तुत करेंगे।

## नगरीय निकायों में रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए पदों पर उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव संचिता बिश्नोई ने बताया कि प्रदेश के 11 जिलों बारां, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, जालेर, गंगापुर सिटी, कोटा, श्रीगंगानगर एवं अनूपगढ़ के कुल 12 नगर निकायों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे।

## स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** स्व. श्री इंद्रपाल चौधरी की चतुर्थ पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस पर आर.के. फर्नीचर, मुरलीपुरा स्कीम में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 270 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में पधारे हुये अतिथियों को पौधो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी नेता लालचंद कटारिया, आलोक बेनीवाल, सीताराम अग्रवाल, विक्रम सिंह शेखावत, गिरीराज गर्ग, सुशील पारीक, अंकित धायल, सुरेश चौधरी, स्थानीय पार्षदगण जसवंत सिंह चौधरी, नीमकाथाना जिले के पवन सोमावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहें। शिविर में सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में 21 का अवकाश

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन समिति प्रकाश राजपुरोहित ने आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 34 में निहित प्रावधान के अनुसार 21 अगस्त को जयपुर शहर में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में अवकाश घोषित किया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) आयुक्तालय, जयपुर से प्राप्त पत्रानुसार माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्गों के आरक्षण को लेकर दिए गए निर्णय के विरोध में 21 अगस्त 2024 को अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग द्वारा सम्पूर्ण भारत में भारत बंद का आह्वान किया गया है। प्रस्तावित स्वतः स्फूर्त भारत बंद के दौरान जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर रैलियों, प्रदर्शन, एवं जाम जैसी स्थिति होना संभावित है। जिससे स्कूलों एवं कोचिंग छात्रों की बसों, ऑटो रिक्शाओं एवं अन्य बाल-वाहिनी वाहनों के जाम में फंसने की संभावना है।

जांभाणी हरिकथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम समापन

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 105 यूनिट रक्त हुआ संग्रहण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखण्ड के निकटवर्ती गांव करावड़ी में चल रही जांभाणी हरिकथा ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर द लाईफ सेवर फाऊंडेशन और कृपाचार्य जी महाराज तथा ग्रामवासियों के सानिध्य में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। द लाईफ सेवर फाऊंडेशन जिला संयोजक घेवर चंद बिश्नोई पीटीआई ने बताया कि इस शिविर में 30 महिलाओं सहित 105 युवाओं ने पूर्ण जोश से मानव सेवा हेतु अपना रक्त दान किया। कृपाचार्य जी महाराज ने इस अवसर पर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपात काल में किसी का जीवन बचाने में आपका रक्त काम आएगा। किसी को रक्त की जरुरत पड़ने पर ब्लड बैंक द्वारा तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर राकेश कुमार गुरू ब्लॉक सहसंयोजक, द लाईफ सेवर फाऊंडेशन, बी लाल ब्लड बैंक की टीम ओमप्रकाश बेनीवाल, जयंतीलाल, पूर्व विधायक हीरालाल विश्नोई, आचार्य डॉक्टर गोवर्धन राम शिक्षाशास्त्री, हनुमानदास संत,महिपाल विश्नोई, एडवोकेट जयप्रकाश, सुरेश कुमार, नरेंद्र पीटीआई, ओमप्रकाश साहू,मनोहर सारण अकाउंटेंट, हरिराम सियाक पूर्व सरपंच, भेराराम गोदारा डेलीगेट, हनुमान गोदारा व्याख्याता, राजूराम सारण, नोरंगी, दरियादेवी, कमला देवी, इंदुबाला, सरला, विमला पूनिया, निरमा, वर्षा, सुन्दर, भावना, सविता, कविता, अनिता, हेमी देवी, सुशीला, माया सहित सैंकड़ों युवा पुरुष और महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ग्राम पंचायत करावड़ी के ग्रामीणों ने रक्तदान शिविर आयोजन की सराहना करते हुए इस पुनीत कार्य में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। द लाईफ सेवर फाऊंडेशन जिला संयोजक घेवर चंद बिश्नोई और सह संयोजक राकेश कुमार ने सभी रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## राज्य स्तर पर सम्मानित होना नर्सेज़ के लिए गर्व की बात-जेडी चारण



» **जागरूक जनता @ सिरोही।** राजस्थान नर्सेज़ यूनियन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जीवत दान चारण ने बताया है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले से स्वास्थ्य विभाग में बेहतरीन कार्य करने पर राजस्थान नर्सेज यूनियन के मेडिकल कॉलेज सिरोही के अध्यक्ष प्रभु सिंह जोधा व राजस्थान नर्सेज़ यूनियन शिवगंज के ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत मीणा को राज्य सरकार के द्वारा निदेशालय जयपुर में राज्य स्तरीय सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, दोनों नर्सिंग अधिकारी सेवा के संकल्प के साथ प्रतिबद्ध हैं। प्रभु सिंह जोधा ने आमजन की नर्सिंग सेवा के साथ साथ मेडिकल कॉलेज स्तर पर अन्य कार्यो को लेकर भी सदैव तत्पर रहते हैं। साथ ही मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल सिरोही के रिकॉर्ड रुम की भी जिम्मेदारी है। गर्मियों में पेयजल संकट में अस्पताल के वार्डो तक पानी पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हिम्मत मीणा नर्सिंग अधिकारी ने भी PMO शिवगंज में ईमानदारी से कर्तव्यों की पालना कर रहे हैं।




# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विशाल तिरंगा वाहन रैली में उमड़ा जनसैलाब

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में योमें आजादी के पर्व पर तिरंगा कमेटी के तत्वावधान में समस्त मुस्लिम समाज, मुस्लिम संगठन की ओर से एक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के प्रारंभ में प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह पुरोहित, अति. जिला पुलिस अधीक्षक पर्वत सिंह आदि मुख्य अतिथियों का जावेद खान, इम्तियाज हुसैन लौहार ने मेवाड़ी पगड़ी पहना कर स्वागत किया। कार्यर म की अध्यक्षता कर रहे शहर क़ाज़ी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी का अजीमुद्दीन, जाकिर कुरेशी एवं विशिष्ठ अतिथि अंजुमन सेक्रेट्री फैज मोहम्मद, सलीम अशरफी, अमानत अली का आदम खान, इरशाद भैय्यू उस्ताद ने इस्तकबाल किया। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर अंजुमन पब्लिक स्कूल से रवाना किया गया। इस तिरंगा रैली में मुस्लिम समुदाय के नवयुवक, बुजुर्ग व बच्चे जोश खरोश से हिंदुस्तान के ऐतिहासिक पर्व स्वतंत्रता दिवस की खुशी में वाहनों पर राष्ट्रभक्ति के गीतों से ओत प्रोत गाजे बाजे के साथ हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए कौमी एकता के प्रतीक चित्तौड़गढ़ शहर की गंगा जमुना तहजीब को कायम रखते हुए शहर क़ाज़ी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी की अगुवाई में निकले। रैली नई पुलिया, नगरपालिका, कलेक्ट्री चौराहा, बस स्टैंड, ईदगाह, दरगाह, गोल प्याऊ, सिपाही मोहल्ला, ओछडी दरवाजा, गांधीनगर, विशाल मेगामार्ट होते हुए वापस अंजुमन स्कूल पहुँची जहाँ सामूहिक राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ। समापन पर रैली के निर्बाध व बिना किसी रूकावट के पूर्ण होने पर समाजजनों ने माकुल इंतजाम करने के लिए सीआई संजय स्वामी सहित जिला कलेक्टर आलोक रंजन, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एसडीएम बीनु देवल व संपूर्ण प्रशासन, पुलिस विभाग का शुक्रिया अदा किया गया। रैली को सफल बनाने में जावेद खान, जफर, इम्तियाज हुसैन लौहार, फरमान, शाहीद, आवेश, मानू, संजू, मुबारिक, हितेश पंवार, रूपलाल मेनारिया, अशोक आमेरिया, भय्यू उस्ताद, जाकिर कुरेशी, दीपक सोनी, राम सोनी, अभय लोठ, नरपत नदावर नवाब, फरीद, तालीब, अमजद, मुबारिक, मोनू, नासीर, सलमान, नसीब खान आदि मौजूद रहे।













## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

**सदस्यता राशि**

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................................................

पता : ....................................................

....................................................

फोन .................................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

